भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
31.07.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1553 का उत्तर

बक्सर के खडसरा गांव में पैदल उपरि पुल का निर्माण

1553. श्री सुधाकर सिंह:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बक्सर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दुर्गवती ब्लॉक में खडसरा, मनुजा गांव पूर्व मध्य रेलवे में मुगल सराय रेल मंडल के उत्तरी और दक्षिणी भाग में स्थित है और इसके दक्षिण में स्कूल और बाजार हैं तथा इसके उत्तरी भाग में खडसरा गांव के लोगों का निवास स्थान है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार का खडसरा गांव के उत्तरी और दक्षिणी भागों को पार करने के लिए पैदल उपरिपुल का निर्माण करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार का खडसरा गांव के बीच से गुजरने वाली रेल लाइन पर पैदल उपरिपुल बनाने का प्रस्ताव है;

(घ) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ङ) क्या बक्सर में रेलवे उपरिपुल का निर्माण किए जाने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(च) क्या सरकार का डुमरांव, चौसा, बक्सर, रघुनाथपुर और टुडीगंज में रेलवे उपरिपुल के निर्माण का विचार है और यदि हां, तो निर्माण कार्य कब तक पूरा हो जाएगा; और
(छ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (छ): समपार के स्थान पर ऊपरी/निचले सड़क पुलों के कार्यों को मंजूरी देना भारतीय रेल की निरंतर चलने वाली सतत् और गतिशील प्रक्रिया है। ऐसे कार्यों को रेलगाड़ी परिचालन में संरक्षा, रेलगाड़ियों की गतिशीलता और सड़क उपयोगकर्ताओं पर पड़ने वाले प्रभाव और व्यवहार्यता आदि के आधार पर शुरू किया जाता है।

दुर्गवती ब्लॉक में संदर्भित स्थान दीन दयाल उपाध्याय मंडल में करमनासा-धनियाछा खंड पर किमी 636/3ए-5ए पर स्थित है जहां पर समपार नहीं है। इस गैर-समपार स्थान पर पैदल पार पुल/भूमिगत पैदल पार पथ के निर्माण के लिए तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट/विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (टीएफआर/डीपीआर) तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

बक्सर जिले में स्थित 03 समपारों अर्थात समपार संख्या 78ए (चौसा), समपार संख्या 67 (डुमरांव) और समपार संख्या 59 (रघुनाथपुर) के स्थान पर ऊपरी सड़क पुल स्वीकृत किए गए हैं। ये कार्य योजना और निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं।

ऊपरी सड़क पुलों/निचले सड़क पुलों के कार्यों का पूरा होना और उन्हें कमीशन करना कई कारकों पर निर्भर करता है जैसे समपार को बंद करने के लिए सहमति देने में राज्य सरकार का सहयोग, पहुंच मार्गों का संरेखण तय करना, सामान्य व्यवस्था आरेख (जीएडी) का अनुमोदन, भूमि अधिग्रहण, अतिक्रमण हटाना, बाधक जनोपयोगी सेवाओं का स्थानांतरण, विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक मंजूरी, परियोजना/कार्य स्थलों के क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की स्थिति, जलवायु परिस्थितियों के कारण विशेष परियोजना/क्षेत्र के लिए वर्ष में कार्य की अवधि आदि। ये सभी कारक परियोजनाओं/कार्यों के पूरा होने के समय को प्रभावित करते हैं।

*****